No. of Questions – 22
No. of Printed Pages - 02

Roll No. (नामांक) - | | | | |

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2017–18

कक्षा – 7 (सातवीं)

समय – 2.30 घण्टे **विषय – हिन्दी** **पूर्णांक – 50 अंक**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :–

1. **परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।**
2. **सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।**
3. **प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।**

(खण्ड – अ)

1. तस्करी करने वाला बालक बेच रहा था– 01
(अ) अफीम (ब) गाँजा (स) घड़ी (द) पेन ( )
2. छोटा जादूगर अपनी माँ के लिए क्या ले जाना चाहता था? 01
(अ) उपहार (ब) धन (स) साड़ी (द) पथ्य ( )
3. मजिस्ट्रेट ने कचहरी में चन्द्रशेखर से पिता का नाम पूछा तो – चन्द्रशेखर ने अपने पिता का नाम बताया– 01
(अ) पंडित सीताराम (ब) जगरानी देवी (स) स्वाधीनता (द) स्वतन्त्रता ( )
4. बस को देखने पर लेखक के मन में भाव उमड़ा– 01
(अ) दया का (ब) श्रद्धा का (स) प्रेम का (द) घृणा का ( )
5. सुग्रीव ने मित्र के रूप में चुना– 01
(अ) राम को (ब) बालि को (स) रावण को (द) अंगद को ( )
6. "महाराज मैं दुखिया हूँ, मेरे प्राण संकट में हैं, आपकी शरण में हूँ।" किसने कहा– 01
(अ) हमीर ने (ब) अलाउद्दीन ने (स) माहिमशाह ने (द) सलाहकारों ने ( )
7. लव–कुश में किसके सभी गुण मौजूद थे? 01
(अ) क्षत्रिय के (ब) मुनियों के (स) राजाओं के (द) ब्राह्मण के ( )
8. 'वनश्री' कविता के रचियता हैं– 01
(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) तुलसीदास (स) भवानीप्रसाद मिश्र (द) गोपालसिहं 'नेपाली' ( )

(खण्ड – ब)

9. निम्न में से किन्ही चार शब्दों के विलोम शब्द लिखिए– 02
अवनति, उत्थान, आदान, स्वतन्त्र, लोक, सौभाग्य।
10. निम्न में से किन्ही दो शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए– 02
लक्ष्मी, फूल, पैर, संसार।
11. निम्न में से किन्ही चार शब्दों के वचन बदलकर लिखिए– 02
तैयारी, बेटा, तारा, गुरू।
12. छोटे जादूगर ने कितने खिलौनों पर गेंद से निशाना लगाया? 02
13. जीवन में सफलता किस पर निर्भर करती है? 02
14. राजा हमीर ने अलाउद्दीन को भेजे सन्देश में क्या लिखा? 04
15. आजाद की किस घटना से नेहरूजी प्रभावित हुए? 04
16. संज्ञा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। संज्ञा कितने प्रकार की होती है? समझाइए। 04

(खण्ड – स)

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

उसने बिना कहे–सुने <u>निहत्थी</u> भीड़ पर गालियाँ चलवाना शुरू कर दिया। कोई एक हजार आदमी मारे गए और कई हजार घायल हो गए। सारे भारत में क्रोध की लहर दौड़ गई। आजाद ने भी इस <u>दर्दनाक</u> घटना का वर्णन सुना। यद्यपि उनकी अवस्था छोटी ही थी तो भी भारतीय राजनीति में उनकी रूचि जग गई और वे भी अंग्रेजों के विरूद्ध कुछ कर दिखलाने के उपाय सोचने लगे।

17. यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है? 02
18. रेखांकित शब्दों के अर्थ लिखिए। 02

कृ.पृ.उ.

www.rajteachers.com

19. किसने निहत्थी भीड़ पर गोलियाँ चलवायीं? 02

20. किस घटना से आजाद अंग्रेजों का विरोध करने की सोचने लगे? 02

अथवा

निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 08

पद कमल धोइ चढ़ाइ नाव न नाथ उतराई चहौं।
मोहि राम राउरि आन दसरथ सपथ सब साची कहौं।।
बरू तीर मारहुँ लखन पै जब लगि न पाय पखारिहौं।
तब लगि न तुलसीदास नाथ कृपाल पारू उतारिहौं।।

(खण्ड – द)

21. अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक जी को विद्यालय के मैदान में फुटबाल का मैत्रीपूर्ण मैच खेलने की स्वीकृति चाहने हेतु प्रार्थना–पत्र लिखो। 06

अथवा

विद्यालय के शैक्षिक भ्रमण में जाने के लिए पिताजी से रूपये मंगवाने हेतु पत्र लिखिए।

22. निम्नलिखित में से किसी एक प्रसंग पर 150 शब्दों में निबन्ध लिखिए। 06

(अ) दीपावली (ब) पर्यावरण प्रदूषण

www.rajteachers.com